# साहित्य अकादेमी का साहित्य मंच कार्यक्रम आयोजित

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली



साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित साहित्य मंच कार्यक्रम में बुधवार को पवन माथुर एवं मृत्युंजय सिंह ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के आरंभ में साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने दोनों रचनाकारों का स्वागत अंगवस्त्रम् भेंट करके किया। सर्वप्रथम पवन माथुर ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। ज्ञात हो कि पवन माथुर सुप्रसिद्ध कवि गिरिजा कुमार माथुर के सुपुत्र हैं और उन्हें कविता और साहित्य की संवेदना विरासत में मिली है। उन्होंने अपनी चार कविताएं प्रस्तुत कीं, जिनमें इतिहास की यात्रा करते शब्द थे तो प्रेम की उत्कृष्ट परिभाषा ढूंढते हुए शब्द भी। लापता लोगों को ढूंढती संवेदनाएं थी तो किसी अपने बहुत करीबी के खो जाने की चिंता भी। मृत्युंजय सिंह ने जो कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं, ने बुद्ध, निर्भया कांड, जंगल और प्रेम पर कुछ मुक्त छंद की कविताएं सुनाई और उसके बाद संगीत के साथ दो लें और हाल ही में प्रकाशित खंड काव्य द्रौपदी के एक अंश को अपने सुरीले स्वर और संगीत के साथ प्रस्तुत किया,जिसे उपस्थित श्रोताओं ने बेहद पसंद किया। कार्यक्रम में साहित्यकार, अध्यापक,छात्र एवं पत्रकार भारी संख्या में उपस्थित थे।